पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

रिहा महिला कैदी अपने सामाजिक दायित्यों का निर्वहन करें –राज्यपाल

लखनऊः 28 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में गणतंत्र दिवस 2021 के अवसर पर नारी बंदी निकेतन कारागार से रिहा होने वाली 24 महिला कैदियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये साड़ी, शाल तथा मिठाई भेंट की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आज आप सभी कारागार से मुक्त होकर अपने परिवार के पास जा रही हैं। आपको संकल्प लेना चाहिये कि जिस किसी कारण से आपसे अपराध हो गये हैं उनकी अब कभी पुनरावृत्ति नहीं करेंगी साथ ही राज्यपाल ने कहा कि कारागार में आपने अपनी–अपनी रूचि के अनुसार हुनर सीखे हैं। उनके आधार पर आपको अपनी जीविका के साथ–साथ परिवार के लोगों को भी ये हुनर सिखाना है ताकि वे भी हुनर सीख कर स्वावलम्बी बन सकें। इसके साथ ही परिवार तथा समाज को भी आवेश एवं क्रोध के कारण होने वाले अपराधों से रोकें।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज आप सभी के खातों में कारागार विभाग द्वारा आपके द्वारा कमाई धनराशि आप सबके खाते में डाल दी गयी है। इसका उपयोग आपको बड़ी ही सावधानी से करना है ताकि उसका कोई दुरूपयोग न कर सके। उन्होंने कहा कि उचित होगा कि अपनी आय की धनराशि अपने बच्चों की पढ़ाई–लिखाई में उपयोग करें। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार हुनरमंदों के लिए अनेक योजनाएं भी चला रही है, जिनका लाभ लेकर अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने में भी आय सहायक हो सकती है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश अवस्थी, महानिदेशक कारागार श्री आनंद कुमार, अपर महानिदेशक जेल शरद कुमार कुलश्रेष्ठ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (132/29)